# बेगमगंज के शिक्षकों का अटका वेतन

## शिक्षा विभाग का बजट खत्म, शिक्षकों ने दी आंदोलन करने की चेतावनी

**बेगमगंज , 22 मार्च. तहसील के 427 प्राइमरी शिक्षकों का माह फरवरी 2026 का वेतन अभी तक नहीं मिलने से शिक्षकों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है. इसको लेकर शिक्षकों में आक्रोश है. हर माह की 1 से 5 तारीख तक हर हाल में वेतन मिल जाता था लेकिन इस बार अब तक वेतन नहीं मिला है जबकि त्योहारों का सीजन चल रहा है. ऐसे में शिक्षक आर्थिक तंगी से परेशान हैं.**

प्राइमरी शिक्षकों ने शिक्षा विभाग शिक्षा विभाग के अधिकारियों से तत्काल वेतन वितरण किए जाने की मांग की है. इस संबंध में शिक्षा विभाग से संपर्क किए जाने पर पता चला कि बजट नहीं होने के कारण उनका वेतन नहीं आ पाया है. राज्य अध्यापक संघ के अध्यक्ष सतेंद्र गौर का कहना है कि सरकार द्वारा जब दूसरे विभागों को बजट आवंटित कर दिया गया है तो शिक्षा विभाग को क्यों नहीं दिया गया. शिक्षा विभाग को भी तत्काल बजट आवंटित किया जाए जिससे कि आर्थिक रूप से परेशान शिक्षकों को वेतन मिल सके. यदि तत्काल व्यवस्था नहीं की गई तो कर्मचारी संगठनों द्वारा शिक्षकों के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा।

### बजट उपलब्ध कराने के लिए लिखा पत्र

ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राजेंद्र श्रीवास्तव से संपर्क किए जाने पर उन्होंने बताया कि जिला शिक्षा अधिकारी को पत्र लिखकर दोनों मदों में बजट उपलब्ध कराने के लिए लिखा गया है . एक मद में 1 करोड़ 95 लाख 36 हजार 070 रुपए एवं दूसरी मद में 32 लाख 92 हजार 640 रुपए का बजट आना है. बजट अप्राप्त होने के कारण प्राइमरी शिक्षकों को माह फरवरी का वेतन नही दिया गया है.बजट आवंटन के लिए पूर्व में ही 6 मार्च को जिला शिक्षाधिकारी को पत्र भेज दिया था .जब बजट उपलब्ध होगा तब वेतन वितरण कर दिया जाएगा.

मप्र शिक्षक संघ के अध्यक्ष कमलेश यादव का कहना है कि शिक्षा विभाग से मांग की गई है कि फरवरी का वेतन भुगतान की तत्काल व्यवस्था कराई जाए.अन्यथा उनके पक्ष में आंदोलन किया जाएगा. मप्र राज्य कर्मचारी संघ अध्यक्ष बलराम विश्वकर्मा का कहना है कि सभी विभागों के कर्मचारियों को समय पर वेतन भुगतान हो गया है लेकिन प्राइमरी शिक्षकों को अभी तक वेतन भुगतान नहीं किए जाने से उनके सामने आर्थिक संकट आ गया है. ऐसे में परिवार चलाना मुश्किल है.तत्काल वेतन की व्यवस्था की जाए , अन्यथा शिक्षक आंदोलन को बाध्य होंगे।



## उदयपुरा में धूमधाम से मना रहे चैत्र नवरात्र

**उदयपुरा, 22 मार्च.** इन दिनों नगर में चैत्र नवरात्रि का पर्व बड़े ही धूमधाम से मनाया जा रहा है. नगर में माता मंदिर और काली मंदिर में सुबह से ही दर्शन करने वालों की लंबी भीड़ लग जाती है. इसके निकटतम ग्राम बोरास नर्मदा तट में श्रद्धालु नर्मदा स्नान के लिए पहुंच रहे हैं. नवरात्रि में भक्तों ने अनेक स्थानों पर जवारे रखे हैं. देवी मंदिरों की सजावट की गई है. चैत्र नवरात्रि को चतुर्थ दिन माताजी के कूष्मांडा रूप की पूजन भक्तों द्वारा की गई. उदयपुरा के आसपास के गांव में भी चैत्र नवरात्र की धूम चल रही है.

# पुलिया में वाहन गिरने से ड्राइवर-क्लीनर घायल

## रायसेन-राहतगढ़ हाइवे पर टोल नाके के पास हुआ हादसा

**रायसेन, 22 मार्च.रायसेन-राहतगढ़ हाइवे पर सागर रोड स्थित टोल नाके के आगे निर्माणाधीन पुलिया में रविवार एक पिकअप वाहन गिर गया. हादसे में ड्राइवर और क्लीनर घायल हो गए. पिकअप वाहन में फल भरे थे. वाहन सड़क से करीब 20 फीट नीचे गहरी पुलिया में अनियंत्रित होकर गिर गया. आसपास मौजूद लोगों ने घायलों को वाहन से निकाला.**



लोगों ने बताया कि यहां आए दिन हादसे हो रहे हैं. निर्माण के दौरान सड़क को जगह-जगह से खोदा गया है, लेकिन कोई सूचना या सांकेतिक बोर्ड नहीं लगाए गए हैं. रायसेन से राहतगढ़ तक हाइवे का निर्माण किया जा रहा है. इस दौरान सड़क के पास बड़े-बड़े गड्ढे किए गए हैं और पुलियों का निर्माण भी जारी है.यात्रियों को डायवर्ट मार्ग न मिलने परेशानी हो रही है.

# साहू समाज का विवाह सम्मेलन 20 अप्रैल को

### घर-घर जाकर दिया जा रहा है निमंत्रण

**सिलवानी, 22 मार्च. जिला साहू समाज रायसेन ( मध्य प्रदेश तेलिक साहू सभा ) के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी नि:शुल्क सामूहिक विवाह सम्मेलन का आयोजन 20 अप्रैल अक्षय तृतीया पर ग्राम खेरी जयपुरा में किया जाएगा. यह सम्मेलन इस वर्ष अपना 39वां आयोजन पूरा करेगा.**



सम्मेलन को लेकर समाज में उत्साह का माहौल है. सर्वसम्मति से विवाह सम्मेलन समिति खेरी जयपुरा का अध्यक्ष अंतराम साहू को नियुक्त किया गया है.समिति के पदाधिकारियों, तहसील अध्यक्षों एवं नगर अध्यक्षों के सहयोग से जिलेभर में समाज बंधुओं को घर-घर जाकर निमंत्रण दिया जा रहा है.

जानकारी के अनुसार, इस सामूहिक विवाह सम्मेलन में मप्र के विभिन्न जिलों से बड़ी संख्या में जोड़े शामिल होंगे.आयोजन को सफल बनाने के लिए सभी तहसील मुख्यालयों पर नि:शुल्क पंजीयन केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां इच्छुक जोड़े आवश्यक दस्तावेजों के साथ अपना पंजीयन करा सकते हैं. समिति द्वारा सिलवानी, खमरिया खुर्द एवं सियरमऊ सहित विभिन्न क्षेत्रों में जाकर आमंत्रण वितरित किए गए. इस दौरान सिलवानी तहसील अध्यक्ष जगदीश साहू, शंकरलाल साहू, उमाशंकर साहू, लखन साहू, महेंद्र साहू, धनराज साहू एवं मोंटी साहू सहित कई समाजजन उपस्थित रहे. समाज के पदाधिकारियों ने अधिक से अधिक जोड़ों एवं समाज बंधुओं से इस आयोजन में सहभागिता कर इसे सफल बनाने की अपील की है.

## खेल मैदान न होने से परेशान हैं खिलाड़ी

**सिलवानी, 22 मार्च.** सिलवानी नगर में खेल स्टेडियम न होने के कारण खिलाड़ियों की परेशानी का सामना करना पड़ रहा है. खिलाड़ियों को सरकारी स्कूल के ग्राउंड या मोहल्लों में ही प्रैक्टिस करना पड़ती हैं. व्यवस्थित खेल मैदान नहीं होने के कारण खिलाड़ियों को निजी मैदानों का सहारा मजबूरन लेना पड़ रहा है.ऐसे में खिलाड़ियों को सुविधाएं नहीं मिल पाती है.यही कारण है कि नगर से बड़े स्तर पर खिलाड़ी नहीं निकल पा रहे हैं. मैदान के लिए लंबे समय से मांग की जा रही है, लेकिन इसके बाद भी जनप्रतिनिधि व प्रशासनिक स्तर पर अब कोई पहल नहीं हुई है. अपने निजी मैदान पर खेल रहे मुकेश राय ने बताया कि सुविधायुक्त मैदान नहीं होने से जरूरत के मुताबिक अभ्यास नहीं कर पाते हैं.

# बदलते मौसम ने बढ़ा दी किसानों की चिंता

### दाना हल्का होने की आशंका, कम मिलेंगे दाम

**सिलवानी, 22 मार्च. सिलवानी क्षेत्र में मौसम के लगातार बदलते मिजाज ने किसानों की चिंता बढ़ा दी है. शुक्रवार को हुई बारिश और हल्की ओलावृष्टि से खेतों में खड़ी और कटी फसलों को नुकसान पहुंचा है. कई स्थानों पर तेज हवा के कारण पकी हुई गेहूं की फसल गिर गई, जिससे किसानों को समय से पहले कटाई कराने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है.**

शनिवार और रविवार को भी आसमान में बादल छाए रहने से किसानों की चिंता और बढ़ गई है.जिन किसानों की फसल कटकर खेतों में पड़ी है, वे उसे जल्द से जल्द समेटने में जुट गए हैं ताकि संभावित बारिश से बचाया जा सके. ग्राम खमेरा के किसान राम सिंह आदिवासी ने बताया कि मौसम खराब होने की आशंका के कारण उन्हें महंगे किराए पर हार्वेस्टर लेकर गेहूं की कटाई करानी पड़ रही है, जबकि फसल पूरी तरह पक भी नहीं पाई है.उन्होंने कहा कि यदि तेज आंधी या बारिश होती है तो पूरी फसल बर्बाद हो सकती है. ग्राम सिंह पुरी के किसान महेंद्र यादव ने बताया कि किसानों की स्थिति बेहद कठिन हो गई है. हाल की बारिश और तेज हवा से गेहूं की फसल गिर गई है. इससे दाना हल्का होने की आशंका भी बढ़ गई है, जिससे बाजार में कम दाम मिल सकते हैं. मौसम बिगड़ने की आशंका के चलते किसान जल्द से जल्द कटाई कराने के लिए हार्वेस्टर चालकों के चक्कर लगा रहे हैं.वहीं चना और सरसों की फसल की थ्रेसिंग के लिए मजदूरों की मांग बढ़ गई है.मजदूरी दर भी बढ़कर 300-350 रुपये से 450-500 रुपये तक पहुंच गई है.




### बारिश से कटी फसलें हुईं खराब

हाल की बारिश से कई जगह फसलें भीग गई हैं.जहां ओलावृष्टि नहीं हुई, वहां भी पानी पड़ने से गेहूं का रंग प्रभावित हुआ है, जिससे उसके दाम कम मिलने की संभावना है . किसान कमलेश आदिवासी ने बताया कि खेतों में पड़ी चने की फसल भीग चुकी है और अब उसे सुखाने के लिए धूप का इंतजार करना पड़ रहा है .यदि दोबारा बारिश होती है तो फसलों में नमी बढ़ने से दाना खराब होने और कालापन आने का खतरा है .

## 76 अखंड ज्योति प्रज्वलित कर मना रहे चैत्र नवरात्रि महोत्सव



**सलामतपुर,22 मार्च.** सलामतपुर चौराहा श्री शिव शक्ति हनुमान मंदिर त्रिमूर्ति चौराहा पर 76 अखंड ज्योति प्रज्वलित कर चैत्र नवरात्रि का महाउत्सव मनाया जा रहा है. सैकड़ों लोग यहां से अपनी कामना पूर्ण कर पा रहे हैं. इस स्थान पर वर्ष 1998 से रामायण पाठ निरंतर जारी है. कई वर्षों से महाआरती एवं दिव्य दरबार लगता है. दरबार लगा रहे पंडित हेमंत भार्गव बिट्टू महाराज ने बताया गया कि यहां पर कई प्रकार की समस्या का समाधान हो जाता हैं.जैसे पुत्र प्राप्ति ओर शराब छोड़ने में सहायता एवं अन्य मनोकामना की पूर्ति 5 शनिवार की आरती करने से पूरी होती हैं.शनिवार को महाआरती ठीक 7 बजे शाम से प्रारंभ होती हैं.

## 27 करोड़ राम नाम का हुआ पूजन और अनुष्ठान

**उदयपुरा, 22 मार्च .** निकटवर्ती ग्राम पचामा में काली दरबार स्थित नित्यानंद राम नाम लेखन बैंक में विराजित 27 करोड़ भगवन राम नाम का विशिष्ट पूजन, रामार्चा, हरि कीर्तन के साथ आचार्य आशीष शास्त्री ने संपन्न कराया . कवि एवं साहित्यकार गोविंद गोदानी ने मां काली दरबार में पूजन अर्चन किया . श्कार्यक्रम में भोपाल से जिला अभिभाषक मंडल के वरिष्ठ कार्यकारिणी सदस्य अधिवक्ता लखनलाल खाती एवं 21 सदस्यीय दल ने विशिष्ट अनुष्ठान में भाग लिया. कार्यक्रम संयोजक वरिष्ठ अधिवक्ता चतुरनारायण रघुवंशी ने बताया कि राम नाम लेखने पुस्तिकाएं बैंक में जमा होती हैं, चैत्र माह में उनका पूजन होता है .

# रायसेन में मीणा समाज ने मनाई मीनेश जयंती

## कंकाली माता मंदिर परिसर में हुआ कार्यक्रम का आयोजन





**रायसेन, 22 मार्च. मीणा समाज शक्ति संगठन जिला रायसेन द्वारा भगवान श्री मीनेश की जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई. रायसेन जिले के प्रसिद्ध माता कंकाली धाम मंदिर पर मीणा समाज के जिला अध्यक्ष मलखान मीणा सहित समाज के वरिष्ठजन मौजूद हुए.**

कार्यक्रम की शुरुआत भगवान मीनेश की पूजा अर्चना से हुई.कंकाली मंदिर में भगवान मीनेश के मंदिर प्रांगण में सभी सामाजिक बंधु उपस्थित रहे.भगवान मीनेश की पूजा-अर्चना के बाद सभी समाज बंधुओं का स्वागत जिला अध्यक्ष मलखान मीणा ने किया.कार्यक्रम की अध्यक्षता अर्जुन सिंह मीणा ने की. मंदिर प्रांगण में पौधरोपण किया गया.


कार्यक्रम में मुख्य रूप से दुर्गा प्रसाद मीणा, फतेह सिंह , बादाम मीणा, कमलेश मीणा सरपंच, रघुवीर मीणा, अर्जुन मीणा नांद, शिवराज मीणा, रेवाराम नांद, जिला उपाध्यक्ष बनवारी लाल मीणा, देवी सिंह, सचिन मीणा मीडिया प्रभारी , लखन सिंह मीणा आदि उपस्थित थे. इसके अलावा

मप्र मीना समाज सेवा संगठन द्वारा राजधानी में मीनेश जयंती पर मीना समाज छात्रावास में कार्यक्रम आयोजित किया गया. जय मीनेश कल्याण बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष और कैबिनेट मंत्री दर्जा पूर्व न्यायाधीश लालाराम मीणा, मप्र मीना समाज सेवा संगठन के वरिष्ठ संस्थापक सदस्य एसके बेडवाल के मुख्य आतिथ्य में कार्यकम हुआ.समाज ने एक स्वर में मीना समाज छात्रावास के निर्माण कार्य की व्यापक योजना बनाने का संकल्प भी लिया. गांधीनगर शिव मंदिर में भी कार्यक्रम आयोजित किया गया.

# जमना सेन बने भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश उपाध्यक्ष

**रायसेन, 22 मार्च.** भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष हेमंत खंडेलवाल की सहमति एवं भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष पवन पाटीदार , पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ,भोपाल संभाग प्रभारी डॉ. तेज बहादुर सिंह ,रायसेन जिला प्रभारी राजो मालवीय, भाजपा जिला अध्यक्ष राकेश शर्मा की अनुशंसा पर रायसेन निवासी भाजपा के वरिष्ठ नेता पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष जमना सेन को भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा का प्रदेश उपाध्यक्ष नियुक्त किया है.

उनकी नियुक्ति पर भाजपा कार्यकर्ताओं में हर्ष व्याप्त है.सभी कार्यकर्ताओं ने प्रदेश नेतृत्व का आभार मानते हुए नवनियुक्त प्रदेश उपाध्यक्ष जमना सेन को बधाई दी है.रायसेन में उनके निवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने आतिशबाजी कर फूलमालाओं से स्वागत किया.



## रामनवमी पर शोभायात्रा 26 को निकलेगी

**बाड़ी, 22 मार्च .** रामनवमी पर 26 मार्च को चल समारोह निकाला जाएगा . बालाजी धाम से शोभायात्रा शाम 5 बजे शुरू होगी, जिसका समापन मंगलवार बाजार में होगा . शोभायात्रा में श्री राम की विशाल प्रतिमा आकर्षक रथ में विराजमान होगी . आकर्षक विद्युत साज-सज्जा के साथ नीरज ग्रुप रायसेन की भोलेनाथ काली की आकर्षक प्रस्तुति होगी . डी.जे संगठन की 25 घोड़े का सामूहिक नृत्य की प्रस्तुति होगी .

**खेल** | राज्य स्तरीय लागोरी प्रतियोगिता में जिले का शानदार प्रदर्शन

# रायसेन ने जीते 3 रजत और 1 कांस्य पदक

**बेगमगंज, 22 मार्च. मप्र लागोरी संघ द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय लागोरी प्रतियोगिता का आयोजन नर्मदापुरम जिले के वनखेड़ी में किया गया. इसमें पहली बार रायसेन लागोरी दल ने अपनी सहभागिता कर सब जूनियर बालक वर्ग में रजत पदक, सब जूनियर बालिका वर्ग में रजत पदक, जूनियर बालिका वर्ग में रजत पदक, एवं जूनियर बालक वर्ग में कांस्य पदक जीता. इसके साथ ही उत्कृष्ट खिलाड़ियों का चयन राष्ट्रीय लगोरी प्रतियोगिता के लिए किया गया.**



रायसेन लागोरी संघ के सचिव डॉ.अक्षय लोधी एवं कोषाध्यक्ष आदर्श लोधी ने बताया कि खिलाड़ियों की इस जीत पर पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह ने वर्चुअल जुड़कर खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया एवं शुभकामनाएं दीं. पूर्व मंत्री ठाकुर रामपाल सिंह एवं खेल युवा कल्याण विभाग बेगमगंज ने खिलाड़ियों को और सुविधाएं देने का आश्वासन दिया गया . लागोरी संघ रायसेन के अध्यक्ष लोकेंद्र लोधी एवं उपाध्यक्ष अजय जाट ने खिलाड़ियों का स्वागत कर बधाई दी. खिलाड़ियों के स्वागत के लिए रिटायर्ड खेल शिक्षक रामगोपाल नेमा, खेल शिक्षक विक्रम ठाकुर, प्रशिक्षक राहुल कुशवाहा , खेल शिक्षक ओमकार रैकवार, युवा समन्वय सुभाष रैकवार, आशीष लोधी, मयंक जाट, विनय जाट वीरसिंह वाशु उपस्थित रहे. लागोरी दल के व्यवस्थापक के रूप में संस्कार तोमर, सत्यम लोधी, सिद्धार्थ, वैष्णवी, प्रजापति, संध्या , अजय ठाकुर का जिला लागोरी संघ ने आभार व्यक्त किया.

### यह होती है लागोरी प्रतियोगिता

लागोरी प्रतियोगिता एक पारंपरिक भारतीय खेल है, जो विशेष रूप से महाराष्ट्र और गुजरात में लोकप्रिय है . यह खेल मिट्टी के बर्तनों या मटकों को एक दूसरे के ऊपर रखकर एक टावर बनाया जाता है, और फिर उस टावर को तोड़ने की कोशिश की जाती है .

# ग्रामीणों को दिलाई जल संरक्षण की शपथ

### ग्राम हरदौट में सुजग ग्राम संवाद आयोजित

**रायसेन, 22 मार्च. जिले के ग्राम हरदौट में विश्व जल दिवस के उपलक्ष्य में जल जीवन मिशन अंतर्गत जल शक्ति मंत्रालय द्वारा 'सुजल ग्राम संवाद' का आयोजन किया गया. आयोजन में केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से जुड़े. सांची विधायक डॉ. प्रभुराम चौधरी ने बेगमगंज-गैरतगंज समूह जल प्रदाय योजना से हो रही नियमित जल आपूर्ति के संबंध में जानकारी दी.**




केंद्रीय मंत्री द्वारा जल सहभागिता के कार्यों, योजना के सुचारू एवं नियमित पेयजल प्रदाय के लिए बधाई दी गई. साथ ही जलकर में जनभागीदारी, जल आपूर्ति व्यवस्था की जानकारी प्राप्त की. इसके पश्चात जल शक्ति मंत्रालय के सचिव द्वारा वीसी के माध्यम से कलेक्टर अरुण कुमार विश्वकर्मा से जिले में जल जीवन मिशन के अंतर्गत भविष्य की रूपरेखा एवं फेज-2 के कार्यों के संबंध में चर्चा की गई तथा जल संरक्षण हेतु किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली गई.

जल महोत्सव कार्यक्रम के दौरान विधायक डॉ.चौधरी द्वारा ग्रामीणों को योजना के प्रति जागरूक किया गया.साथ ही पानी के महत्व को समझाते हुए उसका अपव्यय न करने के लिए प्रेरित किया गया. कार्यक्रम में ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति को योजना का नक्शा भेंट किया तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले समिति सदस्यों को प्रशस्ति-पत्र प्रदान कर सम्मानित किया .ग्राम पंचायत की सरपंच राजबाई धाकड़, ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के सदस्यों, आंगनवाड़ी कार्यकर्ता राजकुमारी अहिरवार द्वारा सक्रिय सहभागिता करते हुए संवाद किया गया. इसके साथ ही जल गुणवत्ता जांच हेतु किट का प्रदर्शन किया गया. कार्यक्रम के अंत में सभी ग्रामीणों को जल संरक्षण की शपथ दिलाई गई, जिससे भविष्य में जल संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाई जा सके. कार्यक्रम का समापन विधायक डॉ. चौधरी द्वारा जल अर्पण एवं जल संरक्षण के संकल्प के साथ किया गया.